रिपोर्ट

[1 Pl 3/48 UP NCC COY]

प्रतिभा सम्मान समारोह एवं एन.सी.सी. कैडेट्स की सक्रिय भूमिका

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा के प्रांगण में आज दिनांक **22 जनवरी 2023** को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में श्री योगेन्द्र उपाध्याय, माननीय मंत्री उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना, उत्तर प्रदेश शासन का आगमन हुआ।

माननीय मंत्री जी का महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस प्रतिभा सम्मान समारोह में महाविद्यालय एनसीसी इकाई के प्रतिभावान, अनुशासित और उच्च उत्साह रखने वाले एनसीसी के अंडर ऑफिसर, नवीन सिंह को श्री योगेन्द्र उपाध्याय, माननीय मंत्री उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा एनसीसी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सत्य सरोज फाउंडेशन, गोंडा द्वारा उत्साहवर्धन के लिए 8000/- रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई, जिसे कैडेट के द्वारा समस्त टीम को समर्पित किया गया। हवलदार उत्सव श्रेष्ठा को 48 यू पी बटालियन एनसीसी गोंडा के प्रतिनिधि के तौर पर स्मृति चिन्ह देकर महाविद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया। बेहद कम समय में महाविद्यालय परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर कराने के लिए स्वीकृति और तैयारी कराने के लिए, कमान अधिकारी महोदय एवं समस्त स्टाफ का पूरे महाविद्यालय परिवार की तरफ से बहुत बहुत अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम में कैडेट हर्षिता मिश्रा और वंशिता शुक्ला ने पायलेट के तौर पर मंत्री जी की पथ अगुवाई की।

अंडर अफसर नवीन सिंह, कुलदीप शुक्ला, भरत लाल वर्मा, ऋषिकेश शर्मा, सचिन चौबे, धनीराम विश्वकर्मा, राजा बाबू चौरसिया तथा हरि ओम ने गार्ड पार्टी के रूप में कार्य किया। सीनियर कैडेट साक्षी यादव ने उपस्थित सभी कैडेटों को अनुशासित और व्यवस्थित रखने में सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ और सभी एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

जय हिन्द।

--- अमित कुमार शुक्ल
केयर टेकर, एन.सी.सी. उप-इकाई

मुख्य नियन्ता

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा
प्रतिभा सम्मान समारोह
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा
दिनांक 22.01.2023
REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda